आईआईएम में मेरिट कम मीन्स छात्रवृत्ति शुरू

पहल

25 छात्रों को स्कॉलरशिप हर साल प्रदान की जाएगी

- छात्रवृत्ति का मूल्य लगभग हर वर्ष एक करोड़ रुपए है

रांची, प्रमुख संवाददाता। आईआईएम रांची की रणनीतिक योजना और लोगों व समाज को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने के लक्ष्य के अनुरूप, मेरिट कम मीन्स स्कॉलरशिप की शुरुआत की गई है। इसके तहत हर साल 25 छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। संस्थान में एमबीए, एमबीए-बिजनेस एनालिटिक्स, एमबीए-मानव संसाधन प्रबंधन कार्यक्रम और प्रबंधन में एकीकृत कार्यक्रम के छात्र छात्रवृत्ति के लिए पात्र होंगे। छात्रवृत्ति का मूल्य लगभग हर वर्ष एक करोड़ रुपए है। छात्रवृत्ति का पुरस्कार मेधावी, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को न्यूनतम लागत पर एक अग्रणी प्रबंधन संस्थान में अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगा।

आईआईएम रांची एनआईआरएफ में 15वें स्थान पर है। स्कॉलरशिप में रणनीतिक योजना आईआईएम रांची ऐट-2030 को ध्यान में रखा है।

छात्रवृत्ति पुरस्कार मानदंड उन छात्रों को मिलगा जो दिव्यांग हैं या अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति श्रेणियों से संबंधित हैं। छात्रवृत्ति के लिए जो मानदंड तैयार किए गए हैं, वे संस्थान में अध्ययन के स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों स्तरों पर मेधावी छात्रों को शामिल करने में सक्षम होंगे। सभी पात्र छात्र जिन्हें शैक्षणिक वर्ष (2023-24) में प्रवेश दिया जाएगा या वर्तमान में संस्थान में कवर किए गए कार्यक्रमों में अध्ययन कर रहे हैं आवेदन के योग्य होंगे।

Hindustan_18.05.2023_Pg. 06